लाभार्थी का नामः – आदित्य राज




जगहः–                गॉव – नीमा, पो0 नीमा, बुधौल, थाना आमस, गया, बिहार– 824208.

दिक्कत :–                आर्थिक तंगी

योजना के बारे में पत्ता –    किसी मित्र से

योजना से लाभ :–  1.  खुद का रोजगार मिला
2.  5 लोग को रोजगार दे रहें है।

हर सफलता के पीछे कहीं न कही सफलता छुपी होती है। जरूरत है उस असफलता को पहचान कर मेहनत करके उसको सफलता में परिवर्तन करना। मेरा नाम आदित्य राज है। मै गया जिला के आमस ब्लॉक के एक छोटे से नीमा गॉव का रहने वाला हुॅ। मै खुद का कुछ अपना व्यवसाय करना चाह रहा था। परंतु पर्याप्त पैसे न होने के अभाव में मैं खुद का कोई व्यवसाय शुरू नही कर पा रहा था। क्योंकि बाजार से ऋण लेना संभव नही था। पारिवारिक आर्थीक स्थिति ठीक न होने के कारण भविष्य की चिंताये मुझे वर्तमान में घेरे हुई थी। परिवार की बिगड़ती आर्थिक स्थिति के चलते मैं हरियाणा के एक इलिक्ट्रोनिक पार्टस बनाने वाले कंपनी में नौकरी करने लगा। लेकिन इस नौकरी से मेरा जीवन–यापन करना भी मुशिकल हो गया था। समय बढ़ता गया मगर आर्थिक स्थिति में सुधार की कोई संभावना नगर नहीं आ रही था। इसके बाद मुझे की अखबार/जिला उद्योग केन्द्र के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई की सरकार व्यवसाय करने के लिए ब्याज मुक्त ग्रहण दे रही है। जिसके बाद मैने तेल मिल खोलने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया और मेरा चयन मु0 उ0 यो0 के लिए चयन हो गया। जिसमें मुझे 6 लाख मशीन क्रय तथा चार लाख कार्यशील पुॅजी के लिए मिला। जिसके बाद मेरा प्रशिक्षण के लिए जिला उद्योग केन्द्र में बुलाया गया। प्रशिक्षण के दौरान मुझे कई ऐसे विषयों के बारे में बताया गया जिसकी मुझे पहले कोई जानकारी नही थी। इसके बाद मैने अपना तेल मील नियमित रूप से चलाना शुरू कर दिया। धीरे–धीरे व्यवसाय बढ़ने लगा और मेरा आर्थिक स्थिति भी

सुधारने लगा। आज में अपने तेल मील में 6 लोंगो को भी रोजगार दे रहा हुँ। आज मैं और मेरा परिवार आर्थिक तंगी से मुक्त है। इन सब के लिए मै जिला उद्योग केन्द्र, गया को धन्यवाद देना चाहता हुँ।